"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-01-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 10] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 7 मार्च 2008—फाल्गुन 17, शक 1929

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 19 फरवरी 2008

क्रमांक ई-7/4/2008/1 /2.—श्री मुकेश कुमार, भा. प्र. से., अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पंडरिया, जिला कबीरधाम को दिनांक 18-02-2008 से 1-03-2008 तक (13 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 16, 17 फरवरी, 2008 एवं 02-03-2008 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री मुकेश कुमार आगामी आदेश तक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पंडरिया, जिला कबीरधाम के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2008.

3. अवकाश काल में श्री मुकेश कुमार को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मुकेश कुमार अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री मुकेश कुमार के अवकाश अवधि में श्री भुवनेश यादव, भाप्रसे, सहायक कलेक्टर, कबीरधाम अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पंडरिया, जिला कबीरधाम का चालू कार्य सम्पादित करेंगे.

रायपुर, दिनांक 20 फरवरी 2008

क्रमांक ई-7/3/2007/1 /2.—श्रीमती आर. शंगीता, भा. प्र. से., अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा, कोरबा को दिनांक 18-02-2008 से 20-03-2008 तक (32 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 16, 17 फरवरी, 2008 एवं 21, 22 तथा 23 मार्च, 2008 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है. साथ ही उन्हें उनके पति के व्यय पर विदेश (पिट्सबर्ग, यू. एस. ए.) प्रवास की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्रीमती आर. शंगीता, आगामी आदेश तक अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) कटघोरा, कोरबा के पद पर पुन: पदस्थ होंगी.

3. अवकाश काल में श्रीमती आर. शंगीता को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती आर. शंगीता अवकाश पर नहीं जाती तो अपने पद पर कार्य करती रहती.

रायपुर, दिनांक 20 फरवरी 2008

क्रमांक ई-7/35/2004/1 /2.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 07-02-2008 के द्वारा श्री आर. एस. विश्वकर्मा, भा. प्र. से., क्षेत्रीय विकास आयुक्त, बस्तर, जगदलपुर के दिनांक 14-02-2008 से 23-02-2008 तक (10 दिवस) के अर्जित अवकाश अवधि में श्री एन्. के. खाखा, उपायुक्त, क्षेत्रीय विकास आयुक्त, बस्तर को उनके वर्तमान कार्य के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास आयुक्त, बस्तर का चालू कार्य सौंपा गया था. अब उक्त आदेश में संशोधन करते हुए श्री खाखा के स्थान पर श्री जी. एस. मिश्रा, कलेक्टर, बस्तर को उनके वर्तमान कार्य साथ-साथ क्षेत्रीय विकास आयुक्त, बस्तर, जगदलपुर का चालू प्रभार सौंपा जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. बाजपेयी, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 21 फरवरी 2008

क्रमांक एफ 4-7/2005/1 /एक.—राज्य शासन एतद्द्वारा माननीय न्यायमूर्ति श्री दिलीप रावसाहब देशमुख, न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर को दिनांक 02 जनवरी से 9 जनवरी, 2008 तक (08 दिन) का पूर्ण वेतन भत्तों सहित लघुकृत अवकाश की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विजय कुमार सिंह, अवर-सचिव.

LAW & LEGISLATIVE AFFAIRS DEPARTMENT
MANTRALAYA, DAU KALYAN SINGH BHAVAN, RAIPUR

Raipur, the 18th February 2008

No. F.1497-329/21-B/08.— In exercise of the powers conferred by Section 30 of the Protection of Human Right Act, 1993, State Government hereby with the concurrence of the Chief Justice of the High Court specifies the Court of Session in each district as Human Right Courts with immediate effect.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh.
A. K. SAMANT RAY, Additional Secretary.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 19 फरवरी 2008

क्रमांक एफ 8-1/2008/11/6.— इंडियन बॉयलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34(2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा मेसर्स गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लि. रायपुर के बॉयलर क्र. -सी. जी./47 को दिनांक 21-02-2008 से 20-08-2008 तक निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से छूट प्रदान करता है :-

1. संदर्भाधीन बॉयलर को पहुँचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बॉयलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बॉयलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

2. उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बॉयलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

3. संदर्भाधीन बॉयलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

4. नियतकालीन सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेगुलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

5. छत्तीसगढ़ बॉयलर निरीक्षण नियम, 1966 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बॉयलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

रायपुर, दिनांक 19 फरवरी 2008

क्रमांक एफ 8-7/2007/11/6.— इंडियन बॉयलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34(2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा मेसर्स प्रकाश इंडस्ट्रीज़ जांजगीर-चांपा के बॉयलर क्र. सी. जी./34 को दिनांक 11-02-2008 से 10-08-2008 तक निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से छूट प्रदान करता है :-

1. संदर्भाधीन बॉयलर को पहुँचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बॉयलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बॉयलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

2. उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बॉयलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

3. संदर्भाधीन बॉयलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

4. नियतकालीन सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेगुलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

5. छत्तीसगढ़ बॉयलर निरीक्षण नियम, 1966 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बॉयलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विनोद गुप्ता, विशेष सचिव.

वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 15 जनवरी 2008

क्रमांक एफ 6-91/2007/वाक (पं.)/पांच .—राज्य शासन एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा वर्ष-2005 तथा साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर , पंजीयन विभाग में जिला पंजीयक के पद पर नियुक्ति के लिए अनुशंसित किये गये निम्नांकित उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, दो वर्ष की परिवीक्षा पर वेतनमान रुपये 8,000-275-13,500 में जिला पंजीयक के पद पर नियुक्त किया जाता है, तथा उसे उन्हें उनके नाम के सम्मुख कॉलम-4 में दर्शित जिले में पदस्थ किया जाता है :-

स. क्र. (1)	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित सूची का सरल क्रमांक (2)	अभ्यर्थी का नाम एवं पता (3)	जिला जहां पदस्थ होंगे अर्थात् वेतन प्राप्त करेंगे (4)	जिला जहां प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे (5)
1.	1. (अनारक्षित)	श्रीमती उषा साहू, पत्नी-श्री मोहिन्दर पाल, ग्राम/पोस्ट-डोंगरडूला, जिला- धमतरी (छ. ग.) पिन कोड 493778	कार्यालय - महानिरीक्षक, पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छत्तीसगढ़, रायपुर.	रायपुर (छ. ग.)
2.	2. (अजा.)	श्रीमती प्रियंका श्रीरंगे, पत्नी-श्री पंकज श्रीरंगे, द्वारा श्री आर. के. श्रीरंगे, भरकापारा, वार्ड नं. 25, राजनांदगांव (छ. ग.) पिन कोड 491 441	कार्यालय-जिला पंजीयक, धमतरी (छ. ग.)	रायपुर (छ. ग.)

2. उपरोक्त परिवीक्षाधीन अधिकारी को जब छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, रायपुर में प्रशिक्षण हेतु बुलाया जाएगा, तब वे अपनी उपस्थिति जिले से प्रशासन अकादमी, रायपुर में देकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे.

3. परिवीक्षाधीन अधिकारी को परिवीक्षा अवधि के दौरान विहित प्रशिक्षण, छ. ग. प्रशासन अकादमी, रायपुर में प्राप्त करना अनिवार्य होगा और प्रशिक्षण के पश्चात् अकादमी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा में अनिवार्यत: सम्मिलित होकर परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा. प्रशासन अकादमी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा में प्रथम बार में असफल होने पर अधिकारी को अकादमी के आगामी प्रशिक्षण में सम्मिलित होकर पुन: परीक्षा उत्तीर्ण करने के निर्देश दिए जा सकेंगे.

4. परिवीक्षाधीन अधिकारी को परिवीक्षावधि में उच्च मानकों द्वारा निर्धारित विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होगी. नियुक्ति प्राधिकारी पर्याप्त कारणों से एक वर्ष से अनधिक अवधि के लिए परिवीक्षावधि को बढ़ा सकेगा. यदि विहित विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण न करने पर अथवा सेवा के लिए अनुपयुक्त पाये जाने पर, नियुक्ति प्राधिकारी के विचार में उसका उपयुक्त शासकीय कर्मचारी बनना संभव न होना पाया जाएगा तो उसकी सेवाएं परिवीक्षावधि के अंत में, समाप्त की जा सकेगी.

5. शासकीय सेवा के दौरान उक्त अधिकारी पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 एवं छत्तीसगढ़ पंजीयन तथा मुद्रांक सेवा (विज्ञप्त), भरती नियम, 1984 के प्रावधान लागू होंगे.

6. उपरोक्त पदाभिलाषी की नियुक्ति "मेडिकल बोर्ड" से चिकित्सीय योग्यता प्रमाण पत्र (मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट) प्राप्त करने की अपेक्षा में की जाती है. मेडिकल बोर्ड द्वारा अयोग्य पाये जाने पर उसकी सेवायें तत्काल समाप्त कर दी जावेगी.

7. उपरोक्त पदाभिलाषी द्वारा नियुक्ति के पूर्व में दी गई कोई भी जानकारी/प्रमाण पत्र गलत पाये जाने पर उसे बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा से पृथक किया जा सकेगा तथा उसके विरुद्ध भारतीय दंड सहिता के प्रावधानों के अधीन कार्यवाही की जा सकेगी.

8. परिवीक्षाधीन अधिकारी को कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व निर्धारित प्रारूप में एक बॉण्ड शासन के हित में निष्पादित करना आवश्यक होगा कि, वह परिवीक्षा अवधि को सफलतापूर्वक पूर्ण न कर पाने की दशा में, परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा उस पर खर्च की गई राशि जिसमें वेतन, भत्ते एवं यात्रा व्यय शामिल होगा, कि वापसी के लिए उत्तरदायी रहेगा. बॉण्ड का प्रारूप संलग्न है.

9. प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त पद पर नियुक्ति के संबंध में आरक्षण संबंधी नियमों एवं आदेशों का पालन किया गया है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कर्मेला लकड़ा, अवर सचिव.

....................................The Governor of Chhattisgarh

WHERE AS, I..

S/o..R/o..

....probationer in the State Administrative Service (Hereinafter refferred to as the probationer) being entitled to receive from the Governor (Hereinafter referred to as the State Government) Pay and allowances during the period in which I am under probation.

Now, We, the probationer..

S/o..R/o..

and Shri...(Surety)

S/o..R/o..

....(hereinafter referred to as surety) jointly and severally, do hereby promise and agree in the event of the failure of the probationer to complete probation to the satisfaction of the State Government to refund the State Government on demand any money paid to him during his probation period including the pay and travelling expenses to join appointment.

The surety hereby agrees that his liability hereunder shall not be effected by the State Government extending the period of probation or giving the probationer an extention of time for payment of compounding the amount hereunder

"Stamp duty payable or this bond shall be borne and paid by the Government."

Dated this..day of....................................2005

Signature of probationer..

Full Name..

Signed by probationer in the presence of

Name of witness...

&

Signature...

Address...

....

Occupation..

Name and signature of the surety..

Signed by surety in the presence of ;

Name of witness & Signature...

....

Address...

Occupation..

कृषि (मछली पालन) विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 4 जनवरी 2008

क्रमांक/एफ-6-15/36/तक /2007/04 .—विभाग के आदेश क्रमांक एफ-4-7/36/योजना/2006/635 रायपुर दिनांक 18 सितंबर 2007 द्वारा प्रचलित मछली पालन नीति के बिंदु क्रमांक 1.4, 2.5 एवं बिंदु क्रमांक 15 में संशोधन प्रतिस्थापित किए गए हैं. बिंदु क्रमांक 1.4 में प्रतिस्थापित किए गए संशोधन अंतर्गत 200 हेक्टेयर से 1000 हेक्टेयर एवं 5000 हेक्टेयर से अधिक के जलाशयों को पट्टे पर दिए जाने की प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देश संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रदीप कुमार दवे, उप- सचिव.

200 हेक्टेयर से 1000 हेक्टेयर तक एवं 5000 हेक्टेयर से अधिक के जलाशय को पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति/समूहों को पट्टे पर दिये जाने की प्रक्रिया

संयुक्त/उप/सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जिला............................

विज्ञप्ति सूचना

क्र. /म/2007-08 जिला दिनांक

संयुक्त/उप/सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जिला..................................कार्यालय के अधीनस्थ जलाशयों को 5 वर्षीय पट्टे पर दिये जाने बाबत् विज्ञप्ति सूचना.

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य विभाग के अधीनस्थ जलाशयों को अनुबंध की तिथि से नीचे दर्शायी अवधि तक मत्स्यपालन मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय हेतु 5 वर्ष के लिए लीज पर नीचे दिये गये विवरण अनुसार पट्टे पर दिया जाना है :-

(मत्स्य उत्पादन मे. टन में एवं राशि रु. लाख में)

क्र.	जलाशय का नाम/ग्राम	विकासखंड	औसत जलक्षेत्र हे.	विगत 5 वर्ष में एक वर्ष का अधिकतम		जलाशय आवंटन हेतु प्रारंभिक लीज राशि	रिमार्क
				वार्षिक मत्स्य उत्पादन	लीज से प्राप्त आय (नीलामी राशि को छोड़कर)		

चयन की पात्रता एवं शर्तें :-

पट्टा आवंटन हेतु प्राथमिकता क्रम :

1. जलाशय के कार्यक्षेत्र की सक्रिय मछुआ सहकारी समितियां

2. जलाशय के निकटस्थ मछुआ सहकारी समूह

3. उक्त दोनों वर्ग के मछुआ सहकारी समिति/समूह न होने की स्थिति में 8 कि. मी. की परिधि में आने वाली व अन्य मछुआ सहकारी समिति/समूहों को प्राथमिकता दी जावेगी.

4. प्राथमिकता क्रम के बिन्दु क्रमांक 1, 2 एवं 3 को समिति/समूह न होने अथवा जलाशय को लीज पर लेने के इच्छुक न होने की स्थिति में अन्य जलाशय परिधि के 8 कि. मी. ऊपर की परिधि में आने वाले मत्स्य सहकारी समिति/समूह को दिया जा सकेगा.

5. मछुआ सहकारी समिति/समूहों को 4 हेक्टेयर प्रति सदस्य (व्यक्ति) के मान से जलाशय पट्टे पर दिया जा सकेगा.

6. एक समिति एक ही आवेदन कर सकेगी. आवेदन में समिति का विधि अनुकूल ठहराव प्रस्ताव लीज राशि की सहमति एवं अनुबंध शर्तों को पालन करने की सहमति का स्पष्ट उल्लेख किया जाना होगा.

7. पट्टा स्वीकृति होने के दिनांक से संबंधित समिति/समूहों को 10 दिवस के अंदर लीज राशि की प्रथम किश्त जमा कर अनुबंध करना अनिवार्य होगा.

8. जलाशय का जलक्षेत्र 4.00 हे. प्रति व्यक्ति के मान से यदि एक समिति से अधिक समिति लीज पर लेना चाहेगी तो उन्हें पृथक-पृथक प्रस्ताव/आवेदन देना होगा. ऐसी स्थिति में सभी समितियों से अनुबंध का निष्पादन किया जायेगा, जिसके अनुसार सभी समिति समान रूप से शासकीय देनदारी/शर्तों के पालन के लिए जिम्मेदार होगी.

9. यदि एक से अधिक समितियां सम्मिलित होकर किसी एक समिति को अधिकृत कर लीज पट्टा लेना चाहेगी तो सहकारी नियमों के तहत् पंजीयन कर तैयार अपेक्स बॉडी के माध्यम से आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर सकेगी.

10. स्वीकृत पट्टाधारी द्वारा अनुबंध शर्तों के अनुसार समयावधि में अनुबंध का निष्पादन, पंजीकरण न किए जाने की स्थिति में स्वीकृत पट्टाधारी का पट्टा निरस्त करते हुए अन्य समितियों/समूहों के प्रेषित आवेदन पर विचार किया जावेगा.

11. पट्टाधारक द्वारा अनुबंध शर्त के उल्लघंन किए जाने के स्थिति में संबंधित जिले के विभागीय जिला अधिकारी द्वारा पट्टाधारक को वांछित कार्यवाही हेतु 15-15 दिवस के अंतराल से तीन नोटिस देकर सक्षम विहित सक्षम प्राधिकारी (संचालक मत्स्योद्योग, छ. ग.) की अनुमति से पट्टा निरस्त कर सकेगा.

12. स्वीकृत पट्टाधारक को संबंधित जलाशय में मत्स्यपालन विकास का कार्य सुचारू रूप से जारी नियम निर्देशों के तहत् किए जाने हेतु विभाग में पदस्थ अधिकारी द्वारा समय-समय पर कार्यों का निरीक्षण एवं निर्देश दिए जा सकेंगे, जिसका पालन पट्टाधारक को अनिवार्य रूप से किया जाना होगा.

13. लीज अवधि के दौरान प्रत्येक वर्ष में 16 जून से 15 अगस्त तक जलाशयों में मत्स्याखेट छ. ग. नदी नियम अंतर्गत प्रतिबंधित रहेगा, जिसका पालन पट्टाधारक को करना अनिवार्य होगा.

14. पट्टाधारक को शासन द्वारा निर्धारित साईज एवं मछली निकालने की सहमति देनी होगी तथा पट्टाधारक को मत्स्यबीज उत्पादन एवं अनुसंधान कार्यों के लिए विभाग के मांग अनुरूप मत्स्य प्रजनक निर्धारित शासकीय दर पर आपूर्ति करनी होगी.

15. उक्त शर्तों पर जलाशय लेने की इच्छुक समितियों/समूहों को विज्ञप्ति सूचना के 15 दिवस के अंदर संबंधित जिले के मत्स्योद्योग विभाग के जिलाधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा. निर्धारित तिथि पश्चात् समिति/समूह के आवेदन पर विचार मान्य नहीं होगा.

संयुक्त/उप/सहायक संचालक मत्स्योद्योग
जिला.......................(छ. ग.)

200 हेक्टेयर से 1000 हेक्टेयर तक एवं 5000 हेक्टेयर से अधिक के जलाशयों में लीज निर्धारण एवं क्रियान्वयन हेतु नीति-निर्देश

विभाग द्वारा जलाशयों की मूल लीज राशि का 10 प्रतिशत लीज राशि में जोड़ कर प्रति दो वर्षों में 10 प्रतिशत वृद्धि का निर्धारण किया जावेगा अर्थात् निर्धारित पट्टा राशि में प्रत्येक 2 वर्षों में मूल लीज राशि की 10 प्रतिशत वृद्धि की जावेगी. जैसे जलाशय की मूल पट्टा राशि रुपये 10000/- हेतु 5 वर्षों की पट्टा अवधि में निम्नानुसार पट्टा राशि निर्धारित होगी :-

1. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष पट्टा राशि रु. 10,000/- प्रतिवर्ष- (मूल लीज राशि)

2. तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष पट्टा राशि रु. 11,000/- प्रतिवर्ष - (मूल लीज राशि+ मूल लीज राशि का 10 प्रतिशत)

3. अंतिम अर्थात् पांचवे वर्ष पट्टा राशि रु. 12,000/- प्रतिवर्ष - (चतुर्थ वर्ष पट्टा राशि+ मूल लीज राशि का 10 प्रतिशत)

1. **पट्टा राशि का निर्धारण :-**

1.1 200 से 1000 हे. तक के जलाशय की पट्टा राशि का निर्धारण 120 कि. ग्रा. प्रति हे. के उत्पादन के मान से अथवा इससे अधिक उत्पादन होने पर वास्तविक उत्पादकता के आधार पर आंकलन किया जाकर किया जा सकेगा. इस कुल उत्पादन पर रु. 10/- प्रति किलोग्राम अथवा इससे अधिक होने पर स्थानीय औसत बाजार भाव की दर से गुणा कर जो राशि आती है, उसका 10 प्रतिशत प्रारंभिक पट्टा राशि निर्धारित की जावेगी.

1.2 जिन जलाशयों में निर्धारित मान अनुसार उत्पादन नहीं लिया जा रहा है अथवा नहीं लिए जाने की संभावना है. जलाशय की पट्टा राशि का निर्धारण विभाग स्वयं करेगी, किन्तु ऐसी पट्टा राशि विगत 5 वर्षों में किसी एक वर्ष में प्राप्त अधिकतम आय (पूर्व में जलाशय की नीलामी स्वीकृत लीज से प्राप्त आय को छोड़कर) से कम नहीं होगी.

नये जलाशय जिनमें मत्स्यपालन का कार्य प्रारंभ नहीं लीज राशि का निर्धारण बिन्दु क्र. 1.1 अनुसार होगा.

1.3 जिन जलाशयों में वर्ष भर पानी नहीं रहता है, उसकी पट्टा राशि का निर्धारण निम्नानुसार किया जावेगा :-

क/12 X ख

क = वार्षिक पट्टा राशि
ख = जितने माह पानी रहता है

1.4 5000 हे. से अधिक के जलाशयों में 5 वर्ष की अधिकतम 1 वर्ष के वास्तविक मत्स्य उत्पादन को विभागीय रायल्टी दर से गुणा कर प्राप्त राशि के आधार पर जलाशय की प्रारंभिक पट्टा राशि रखी जावेगी.

2. **पट्टा अवधि का निर्धारण :**

जलाशय की पट्टा अवधि 5 वर्ष की होगी, जिसके तहत् अवधि जलाशय का पट्टा जारी करने के दिनांक से पट्टा अवधि प्रारंभ होकर 30 जून तक की होगी. यदि यह अवधि 6 माह अथवा उससे अधिक की है तो पट्टाधारक को पूरे वर्ष की पट्टा राशि जमा करनी होगी. यदि पट्टा अवधि 6 माह से कम होती है, तो पट्टा राशि का 12 माह के आधार पर औसत निकालकर शेष अवधि के लिए पट्टा राशि की गणना कर पट्टा राशि दी जावेगी.

3. **जलाशयों को पट्टे पर दिए जाने के लिए जिला स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही एवं निर्देश :-**

3.1 विभागीय जिलाधिकारी को स्थानीय समाचार-पत्रों में निर्धारित प्रारूप अनुरूप विज्ञप्ति सूचना जारी करनी होगी.

3.2 विभागीय जिलाधिकारियों को जलाशय के कार्यक्षेत्र की स्थानीय सहकारी समितियों को जलाशय पट्टा विज्ञप्ति की सूचना लिखित रूप से दी जानी होगी, जिस पर समितियों से पावती ली जानी होगी.

3.3 विज्ञप्ति सूचना प्रकाशित होने एवं समितियों को लिखित सूचना दिए जाने के 15 दिवस के अंदर समितियों/समूहों के आवेदन पर निर्देश प्रक्रिया अंतर्गत परीक्षण उपरांत जलाशय की लीज राशि का निर्धारण कर पूर्ण अभिमत एवं अनुशंसा सहित प्रस्ताव संचालनालय मत्स्योद्योग, छत्तीसगढ़ को एक सप्ताह में प्रेषित किया जाना होगा.

3.4 विहित सक्षम प्राधिकारी (संचालक मत्स्योद्योग, छ. ग.) से पट्टा स्वीकृति अनुशंसा प्राप्त होने पर पट्टाधारक को सूचित कर 10 दिवस के अंदर निर्धारित लीज राशि जमा कर अनुबंध निष्पादित कराया जाना अनिवार्य होगा जिसका पंजीयन पट्टाधारक से समयावधि में कराया जाना होगा.

4. **पट्टा स्वीकृति हेतु विहित सक्षम प्राधिकारी (संचालक मत्स्योद्योग, छ. ग.) द्वारा की जाने वाली कार्यवाही :-**

4.1 जलाशयों को पट्टे पर दिये जाने हेतु सहकारी समितियों के विधिवत् प्रस्ताव/आवेदन संबंधित जिलाधिकारी के अभिमत एवं अनुशंसा सहित प्राप्त होने तथा संपूर्ण औपचारिकता पूर्ण होने की स्थिति में प्राप्त आवेदनों को परीक्षण पश्चात् एक सप्ताह के अंदर संबंधित जिला अधिकारी को पट्टा जारी किए जाने एवं अनुबंध निष्पादन किएं जाने के अनुमति जारी की जानी होगी.

4.2 बिना किसी कारण बताए जलाशय को पट्टे पर दियां जाना अथवा नहीं दिये जाने का अधिकार विहित सक्षम प्राधिकारी (संचालक मत्स्येद्योग, छ. ग.) को होगा.

4.3 विवाद की स्थिति में जिलाधिकारी द्वारा दी गई टीप एवं अभिमत सुझाव पर विभागाध्यक्ष (संचालक मत्स्योद्योग, छ. ग.) मछलीपालन, विभाग द्वारा निर्णय लिये जा सकेंगे.

अनुबंध-पत्रक एवं शर्तें (प्रारूप)

मत्स्योद्योग विभाग जिसे आगे प्रथम पक्षकार के नाम से संबोधित किया गया है तथा मछुआ सहकारी समिति/मछुआ समूह.....................................पता...
जिसे द्वितीय पक्षकार के नाम से संबोधित किया गया है, के मध्य पांच वर्षीय लीज का अनुबंध निष्पादित किया जाता है.

जलाशय जो कि जिले में है छत्तीसगढ़ राज्य की संपत्ति है, जिसमें मत्स्यपालन अधिकार राज्य शासन द्वारा विभाग का सौंपे गये हैं, को 5 फिशिंग वर्ष के लिए अस्थायी तौर पर...समिति/समूह को लीज पर निम्नानुसार शर्तों के अधीन मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य पालन हेतु दिया जाता है. अत: यह अनुबंध आज दिनांक..................................को प्रथम पक्षकार एवं द्वितीय पक्षकार...के मध्य जलाशय में मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं मत्स्यपालन हेतु दोनों पक्षों के स्वेच्छानुसार निम्नानुसार शर्तों पर पांच वर्ष हेतु दिनांक 15, जून, वर्ष................................ निष्पादित किया जाता है.

1. लीज अवधि के प्रथम दो वर्ष की वार्षिक लीज राशि रु.............................(शब्दों में)..हैं प्रथम वर्ष की लीज राशि में 10 प्रतिशत जोड़कर रु. ....(शब्दों में).. ....क्रमश: तीसरे एवं चौथे वर्ष की होगी. प्रथम वर्ष की लीज राशि को 10 प्रतिशत तीसरे वर्ष की राशि में जोड़ने पर रु. ....(शब्दों में)..रुपये पांचवें वर्ष की लीज राशि रु. रहेगी.

2. द्वितीय पक्षकार द्वारा कंडिका एक में बतलाये अनुसार परिगणित वार्षिक लीज राशि प्रथम पक्षकार को प्रतिवर्ष निम्नानुसार देनी होगी :-

			अंकों में	शब्दों में
1.	प्रथम वर्ष	:		
2.	द्वितीय वर्ष	:		
3.	तृतीय वर्ष	:		
4.	चतुर्थ वर्ष	:		
5.	पंचम वर्ष	:		

3. लीज राशि 3 किश्तों में निम्नानुसार देय होगी :-

प्रथम किश्त	35 प्रतिशत	15 जून तक
द्वितीय किश्त	30 प्रतिशत	15 नवंबर तक
तृतीय किश्त	35 प्रतिशत	15 मार्च तक

यदि द्वितीय पक्षकार, उपरोक्त राशि निर्धारित तिथि पर जमा नहीं कर पाता है तो उसे इस हेतु लिखित आवेदन करने पर प्रथम पक्षकार द्वारा 15 दिन का समय दिया जा सकता है परन्तु इसे इस स्थिति में उक्त राशि पर 2 प्रतिशत मासिक दर से दण्ड स्वरूप राशि देय होगी. इसके बाद भी यदि द्वितीय पक्षकार द्वारा राशि जमा नहीं की जाती है तो संयुक्त/उप/सहायक संचालक को यह अधिकार होगा कि वह मत्स्याखेट कार्य तब तक के लिए स्थगित कर दें जब तक कि अनुबंधित समिति देय लीज राशि एवं दण्ड ब्याज जमा नहीं कर देती. इस स्थिति में उक्त अवधि में मत्स्य उत्पादन नहीं होने से होने वाली हानि के लिए प्रथम पक्षकार जिम्मेदार नहीं होगा तथा ऐसी स्थिति में विभाग मत्स्याखेट की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए स्वंत्रत रहेगा. स्थिति अनुसार संयुक्त/उप/सहायक संचालक मत्स्योद्योग द्वारा लिया गया निर्णय दोनों पक्षों को मान्य एवं बंधनकारी होगा.

अनुबंध की अन्य शर्तें :-

(1) म. प्र. नदीय नियम वर्तमान छ. ग. नदी नियम अंतर्गत बंद ऋतु (16 जून से 15 अगस्त तक) में प्रतिवर्ष जलाशय में मत्स्याखेट पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. इस अवधि के दौरान जलाशय में संरक्षण का पूर्ण दायित्व द्वितीय पक्षकार का रहेगा परन्तु इस कार्यवाही में प्रथम पक्षकार सहायता करेगा एवं द्वितीय पक्षकार समय-समय पर मत्स्य संरक्षण हेतु प्रथम पक्षकार द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा. बंद ऋतु के दौरान अथवा द्वितीय पक्षकार के माध्यम से जब्त की गई हो, विभाग की संपत्ति मानते हुए इसके डिस्पोजल का एवं उससे प्राप्त आय का पूर्ण अधिकार प्रथम पक्षकार को होगा.

(2) जलाशय में मत्स्याखेट एवं आखेटित मत्स्य के विक्रय का पूर्ण दायित्व द्वितीय पक्षकार का रहेगा. द्वितीय पक्षकार का यह दायित्व होगा कि वह अपनी समिति/समूह के सदस्यों को ही मत्स्याखेट का कार्य प्राथमिकता के आधार पर दे.

(3) मछुओं द्वारा जलाशय में आखेट की गई मछली का पारिश्रमिक विभाग द्वारा निर्धारित दरों अनुसार प्रदाय करने का दायित्व द्वितीय पक्षकार का होगा. किसी भी स्थिति में विभाग द्वारा निर्धारित दर से कम पारिश्रमिक भुगतान मान्य नहीं होगा.

वर्तमान में विभाग की श्रेणीवार निर्धारित पारिश्रमिक दरें निम्नानुसार लागू है. भविष्य में यदि पारिश्रमिक दरों में वृद्धि की जाती है तो द्वितीय पक्षकार का दायित्व होगा कि वह बढ़ी हुई दरों के अनुसार पारिश्रमिक का भुगतान करें.

1.	कतला 5 किलो से बड़ा	रु. 13.00 प्रतिकिलो
2.	कतला 3 किलो से बड़ा एवं 5 किलो से छोटा	रु. 12.00 प्रतिकिलो
3.	अन्य मेजर कार्प 1 किलो से बड़ी	रु. 10.00 प्रतिकिलो
4	लोकल मेजर (एक किलो से बड़ी) एवं पाबदा सभी साईज की.	रु. 14.00 प्रतिकिलो
5.	कालबासू (आधा किलो से बड़ा)	रु. 08.00 प्रतिकिलो
6.	लोकल माइनर एवं आधा किलो से छोटी लोकल मेजर एवं कालबासू	रु. 04.50 प्रतिकिलो

(4) इस अनुबंध के तहत संपादित कार्य के विपक्ष में शासन द्वारा किसी भी प्रकार का कर अथवा स्टाम्प ड्यूटी ली जाती है तो वह द्वितीय पक्षकार को देना होगा.

(5) म. प्र. वर्तमान छ. ग. फिशरीज एक्ट एवं नदीय नियमों का द्वितीय पक्षकार को पालन करना होगा.

(6) जलाशयों में संरक्षण का पूर्ण दायित्व द्वितीय पक्षकार का होगा.

(7) द्वितीय पक्षकार को महासंघ द्वारा मत्स्याखेट/मत्स्यापालन हेतु दिया गया कार्य अन्य व्यक्ति अथवा संस्था को हस्तांतरण करने का अधिकार नहीं होगा.

8. जलाशय में मत्स्यबीज संचयन :

8.1 जलाशय में प्रतिवर्ष हैक्टेयर की दर से मत्स्य अंगुलिकायें (50 एम. एम. साईज के ऊपर) का संचयन किया जाना है जिसमें कतला 60 प्रतिशत, रोहू 20 प्रतिशत, मृगल 20 प्रतिशत के अनुपात में होना चाहिए.

8.2 प्रथम वर्ष से अंतिम वर्ष तक मत्स्यबीज संचयन का दायित्व द्वितीय पक्षकार का रहेगा. यह मत्स्यबीज जिलाधिकारी द्वारा पूर्ति की जावेगी.

8.3 विभाग द्वारा मत्स्यबीज की पूर्ति स्थानीय मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों से/महासंघ की हैचरियों से निर्धारित दर पर द्वितीय पक्षकार को विक्रय की जावेगी. द्वितीय पक्षकार को विभाग/महासंघ के मत्स्यबीज की पूर्ति न होने की स्थिति में ही अन्य स्रोतों से मत्स्यबीज क्रय कर संचयन का अधिकार होगा. इस हेतु द्वितीय पक्षकार को प्रथम पक्षकार से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा.

8.4 अन्य स्रोतों से क्रय मत्स्यबीज का प्रमाणीकरण प्रथम पक्षकार के प्रतिनिधि के द्वारा किये जाने पश्चात् ही मत्स्यबीज संचय की अनुमति जलाशय के संयुक्त/उप/सहायक संचालक मत्स्योद्योग द्वारा दी जाएगी.

8.5 विभाग द्वारा गठित समिति के समक्ष संचय किये गये मत्स्यबीज को ही प्रथम पक्षकार द्वारा मान्य किया जायेगा. विवाद की स्थिति में संचालक मत्स्योद्योग, छत्तीसगढ़ रायपुर का निर्णय अंतिम एवं दोनों पक्ष को मान्य होगा.

8.6 द्वितीय पक्षकार के पास यदि मत्स्यबीज संवर्धन हेतु संवर्धन क्षेत्र उपलब्ध हो तो वह प्रथम पक्षकार से निर्धारित दर पर स्पॉन/अर्ली फ्राई क्रय कर मत्स्यबीज संवर्धन कर जलाशय में संचय कर सकता है. किन्तु संवर्धन एवं मत्स्यबीज संचय का कार्य विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों एवं प्रक्रिया अनुसार ही करना होगा.

9. द्वितीय पक्षकार द्वारा कतला 2 किलो से छोटा एवं अन्य मेजर कार्प 1 किलो से कम वजन नहीं पकड़ी जाएगी. यदि इस साईज की मछलियां जाल में फंस जाती तो उन्हें जीवित अवस्था में जलाशय में वापस छोड़ना होगा अन्यथा ऐसी मछली पर द्वितीय पक्षकार को दण्ड स्वरूप रु. 25 प्रतिकिलो की दर से राशि प्रथम पक्षकार को देनी होगी. यह राशि लीज/रायल्टी राशि के अतिरिक्त होगी.

10. द्वितीय पक्षकार द्वारा निर्धारित माप के फंदा के कम माप के जाल का उपयोग नहीं किया जायेगा. वह जलाशय में मत्स्याखेट करने वाले अन्य मछुओं को ऐसे जाल का उपयोग भी नहीं करने देगा. ऐसे जाल का उपयोग होते हुए पाए जाने पर उन्हें प्रथम पक्षकार राजसात कर सकता है.

11. द्वितीय पक्षकार द्वारा किसी प्रकार की विषैली वस्तु, विस्फोटक पदार्थ या कोई घातक पदार्थ का जलाशय में उपयोग नहीं किया जायेगा.

12. द्वितीय पक्षकार अथवा उसके प्रतिनिधि को विभाग के निर्धारित प्रपत्र में मछली का वजन एवं संख्या का दैनिक रिकार्ड रखना होगा. द्वितीय पक्षकार जलाशय पर आखेटित मछली के तौल एवं समय की जानकारी प्रथम पक्षकार को देनी होगी ताकि विभाग के अधिकारी तौल के समय उपस्थित रह सकें.

12.1 द्वितीय पक्षकार को विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों अनुसार जानकारी प्रथम पक्षकार को लिखित रूप से प्रतिमाह देनी होगी.

12.2 यदि जलाशय में एक से अधिक समिति कार्य करती हैं तो द्वितीय पक्षकार को उनकी अलग-अलग रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में रखनी होगी तथा आवश्यकतानुसार प्रथम पक्षकार को नियमित उपलब्ध कराना होगा.

12.3 द्वितीय पक्षकार से मत्स्य उत्पादन/समिति से संबंधित अन्य कोई भी जानकारी प्रथम पक्षकार की मांगे जाने पर लिखित रूप में उपलब्ध करानी होगी.

13. विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा जलाशय की चैकिंग एवं संरक्षक का कार्य किसी भी समय जलाशय के अंदर एवं बाहर किया जा सकता है. जिस पर द्वितीय पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं होगी.

14. दैनिक मत्स्य उत्पादन का 20 प्रतिशत तक मछली स्थानीय मांग होने के दशा में निर्धारित दरों पर विक्रय हेतु बाध्य रहेगा.

15. जलाशय में जल स्तर बढ़ने, जलीय वनस्पति बढ़ने, पानी की ठूंठ, मछली की बीमारी या अन्य कोई प्राकृतिक विपदाओं के कारण मत्स्याखेट में बाधा के कारण मत्स्य उत्पादन प्रभावित होता है तो इस हेतु द्वितीय पक्षकार किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा.

16. द्वितीय पक्षकार को यह अधिकार होगा कि वह स्वयं अथवा उसके द्वारा नियुक्त अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही जलाशय में मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय आदि कार्यवाही संपादित करे.

17. द्वितीय पक्षकार या उसके द्वारा अधिकृत (व्यक्ति) जलाशय तथा वहां स्थित शासकीय संपत्ति को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचायेगा. क्षति होने के दशा में द्वितीय पक्षकार को सिंचाई विभाग, वन विभाग, मत्स्य विभाग आदि के अधिकारी के निर्णयानुसार क्षतिपूर्ति करना होगा.

18. किसी भी शर्तों में संशोधन का अधिकार संचालक मत्स्योद्योग को होगा जिस हेतु आवश्यकता पड़ने पर पूरक अनुबंध किया जा सकता है जो दोनों पक्षों को मान्य होगा.

19. मत्स्याखेट में स्थानीय मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता देने हेतु द्वितीय पक्षकार बाध्य होगा. बिना जिला अधिकारी की अनुमति के बाहर के मछुआ श्रमिकों से कार्य कराना वर्जित होगा.

20. अनुबंध/लीज पट्टा की शर्तों की किसी भी धारा के पूर्णत: अथवा आंशिक रूप से उल्लंघन होने पर प्रथम पक्षकार एक सप्ताह का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त कर सकता है, जिसमें द्वितीय पक्षकार कोई आपत्ति नहीं ले सकेगा.

21. मछुआ के हितार्थ/उनके कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं जो केन्द्रीय शासन/राज्य शासन/जिला प्रशासन के माध्यम से चलाई जाती है या चलाई जा रही हैं को लागू करने हेतु द्वितीय पक्षकार बाध्य रहेगा.

22. पट्टे को शासित करने वाली शर्तें भी अनुबंध की शर्तों का अभिन्न अंग होगी जो द्वितीय पक्षकार को मान्य होगा.

23. इस अनुबंध/विज्ञप्ति को शासित करने वाले नियम एवं शर्तों से संबंधित एवं इस अनुबंध की अवधि में अथवा बाद में यदि किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो ऐसी स्थिति में यह विवाद का एक पक्ष दूसरे पक्ष को नोटिस देकर विवाद निर्णित/अवार्ड हेतु एकमेव आर्बीट्रेटर संचालक मत्स्योद्योग, छत्तीसगढ़ होंगे. आबीट्रेटर का निर्णय/अवार्ड दोनों पक्षों को मान्य एवं बंधनकारी होगा. आर्बीट्रेशन एण्ड कॉन्सलेशन एक्ट 1996 के प्रावधानों के अंतर्गत सम्पन्न होगी.

24. दोनों पक्षों के बीच किसी भी प्रकार के विवाद के लिए स्थानीय जिला न्यायालय को क्षेत्राधिकार रहेगा.

यह अनुबंध दोनों पक्षों द्वारा निम्नलिखित साक्ष्यों की उपस्थिति में निष्पादित किया गया.

साक्षीगण

नाम :-
पता :- **प्रथम पक्षकार**

नाम :-
पता :- **द्वितीय पक्षकार**

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला उत्तर बस्तर, कांकेर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

कांकेर, दिनांक 15 फरवरी 2008

क्रमांक 24/भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध लागू नहीं होंगे, क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते है :-

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
उत्तर बस्तर कांकेर	कांकेर	पी. व्ही.-133 अवधपुर	7.19	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, कांकेर.	लघु जलाशय पी. व्ही.-133 योजना.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. आर. पिस्दा, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

रायपुर, दिनांक 1 फरवरी 2008

क्रमांक/अ. वि. अ./भू-अर्जन/08/अ/82 वर्ष 2007-08.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है.

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)			
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
			खसरा नं.	रकबा (हेक्टेयर में)		
			(1)	(2)		
रायपुर	गरियाबंद	परसदाखुर्द	112/17	0.024	कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, गरियाबंद.	कोटरी नाला जलाशय योजना के अंतर्गत.
			112/28	0.073		
		कुल योग	**02**	**0.097**		

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन, गरियाबंद के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायपुर, दिनांक 1 फरवरी 2008

क्रमांक/अ. वि. अ./भू-अर्जन/09/अ/82 वर्ष 2002-03.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)			
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
			खसरा नं.	रकबा (हेक्टेयर में)		
			(1)	(2)		
रायपुर	गरियाबंद	आड़पाथर	145	0.31	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, गरियाबंद.	गिरसूल व्यपवर्तन के डूबान एवं नहर निर्माण हेतु.

(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
			(1)	(2)		
			238	0.24		
			146	0.13		
			104	0.07		
			147	0.33		
			159	0.67		
			148	0.03		
			149	0.12		
			158	0.12		
			144	0.15		
			154	0.11		
			160	0.39		
			240	0.06		
			247	0.06		
			241	0.30		
			236	0.08		
			246	0.11		
			257	0.17		
			237	0.04		
			239	0.05		
			244	0.20		
			279	0.56		
			277	0.30		
			292	0.18		
			102	0.28		
		कुल योग	**25**	**5.06**		

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन, गरियाबंद के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायपुर, दिनांक 1 फरवरी 2008

क्रमांक/अ. वि. अ./भू-अर्जन/11/अ/82 वर्ष 2002-03.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)			
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
रायपुर	गरियाबंद	घटौद	खसरा नं.	रकबा (हेक्टेयर में)	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, गरियाबंद.	घटौद जलाशय के नहर निर्माण हेतु.
			(1)	(2)		
			406	0.11		

(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
			(1)	(2)		
			466	0.07		
			409	0.16		
			465/2	0.04		
			465/3	0.04		
			544	0.02		
			408	0.04		
			413/2	0.12		
			414	0.04		
			415	0.15		
			420	0.01		
			600	0.02		
			602	0.22		
			604	0.01		
		कुल योग	**14**	**1.05**		

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी, गरियाबंद के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विकासशील, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

बिलासपुर, दिनांक 17 जनवरी 2008

क्रमांक 2/अ. 82/07-08.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) संशोधित अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. :-

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	कोटा	पोड़ी प. ह. नं. 7	5.260	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोटा.	सल्का व्यपवर्तन नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कोटा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 17 जनवरी 2008

क्रमांक 3/अ. 82/07-08.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) संशोधित अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है.

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	कोटा	बिल्लीबंद प. ह. नं. 14	8.061	कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कोटा.	सल्का व्यपवर्तन नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कोटा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 17 जनवरी 2008

क्रमांक 4/अ. 82/07-08.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) संशोधित अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	कोटा	अमाली प. ह. नं. 14	15.463	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोटा.	सल्का व्यपवर्तन नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कोटा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुबोध कुमार सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

दुर्ग, दिनांक 14 जनवरी 2008

क्रमांक 102/प्र-1/अ. वि. अ./07.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है.

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दुर्ग	बालोद	लिमोरा	1.19	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग बालोद, संभाग बालोद.	पीपरछेड़ी- लिमोरा पहुंच मार्ग में भूमि अर्जन बाबत्.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बालोद के कार्यालय में देखा जा सकता है.

दुर्ग, दिनांक 14 जनवरी 2008

क्रमांक 102/प्र.-1/अ. वि. अ./07.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है.

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दुर्ग	बालोद	पीपरछेड़ी	2.47	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग बालोद, संभाग बालोद.	पीपरछेड़ी लिमोरा पहुंच मार्ग में भूमि अर्जन बाबत्.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बालोद के कार्यालय में देखा जा सकता है.

दुर्ग, दिनांक 22 जनवरी 2008

क्रमांक /198 /अ/82/2006-07.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
